**विशेषांक हेतु सूचना**

श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश
मासिक पत्रिका का आगामी अंक
**दीपावली विशेषांक**
के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है।

इस संदर्भ में अपनी रचनाएँ, लेख, कविता, संस्मरण, ऐतिहासिक जानकारी, शुभकामनाएं विज्ञापन आदि शीघ्र ही निम्न पते पर भिजवायें।

श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश (जोधपुर)
सम्पादक : रामरतन सोनी मो. 9414133641
श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन, अजमीढ़ मार्केट,
ऑफिस नं. 11,12, सोजती गेट के अन्दर, जोधपुर, (राज.) 342001
Email:- swarnkarsandeshjdp@rediffmail.com
श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश के सदस्य बनें व सदस्य बनावें।



सत्यमेव जयते

# स्वर्ण प्रतिनिधि

Posting at Jodhpur RMS
Postal Regd. No. Jodhpur/378/2019-21
Posting Date Every Month 4/5 & 19/20

RNI No. RAJHIN/2013/49136
सम्पादक- रामरतन सोनी
मो. - 09414133641
मनिहारों की हवेली के पास, भिश्तियों का बास, जोधपुर (राज.) 342001
swarnpratinidhi@gmail.com



**श्री मैढ़ स्वर्णकार संदेश**
अखिल भारतीय स्तर पर
सामाजिक-शैक्षणिक-वैचारिक
व शिल्प क्रांति को समर्पित
हिन्दी मासिक
कार्यालय:-
अजमीढ़ मार्केट,
श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार
समाज भवन,
पुराना नगर निगम के पीछे,
सोजती गेट के अन्दर, जोधपुर (राज.)
पिन कोड 342001
swarnkarsandeshjdp@rediffmail.com



वर्ष - 9 अंक-15 हिन्दी (पाक्षिक) जोधपुर (राज.), प्रकाशन: 16 सितम्बर 2021 पृष्ठ-4 मूल्य वार्षिक : 220/-


## धरना-प्रदर्शन, जुलूस व भीड़-भाड़ वाले आयोजनों पर रोक

**कोरोना की संभावित तीसरी लहर का देखते हुए गृह विभाग ने जारी किया निर्देश, कार्यक्रमों के सुपर स्प्रेडर इवेन्ट में बदलने की आशंका**

**जयपुर।** राज्य सरकार ने कोविड-19 संक्रमण से बचाव के मद्देनजर भीड़-भाड़ सम्बन्धी आयोजनों पर रोक जारी रखी है। गृह विभाग ने कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए सार्वजनिक, सामाजिक, राजनीतिक, खेलकूद, मनोरंजन संबंधी, सांस्कृतिक और धार्मिक समारोहो, त्योहारों के आयोजन के साथ धरना-प्रदर्शन, जुलूस, मेलों और हाट बाजारों पर प्रतिबंध को जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

गृह विभाग के प्रमुख शासन अभय कुमार ने इस संबंध में 10 जुलाई 2021 को जारी आदेश का हवाला देतु हुए सभी जिला कलेक्टर, पुलिस आयुक्त और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि सार्वजनिक स्थानों पर आमजन की ओर से कोविड उपयुक्त व्यवहार के साथ कोरोना प्रोटोकॉल की अनुपालना का अभाव करोना संक्रमण की तीसरी लहर का कारण बन सकता है। संक्रमण अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है, ऐसे में सार्वजनिक कार्यक्रमों के सुपर स्प्रेडर इवेन्ट में बदलने की आशंका है। इस वजह से कोविड-19 संक्रमण की संभावित तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी प्रकार के भीड़-भाड़ वाले कार्यक्रम यथा धरना प्रदर्शन, जुलूस, रैलियों के आयोजन न हों। सभी जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस आयुक्त को नो-मास्क, नो-मूवमेंट की सख्ती से पालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रतिष्ठान, बाजार या आमजन की ओर से कोविड उपयुक्त व्यवहार के मानदंडो का पालन नहीं किया जाता है तो प्रशासन उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करेगा।

## समाज के लिए हमेशा मेरे द्वार खुले हैं: सांसद






रायपुर छत्तीसगढ़ के सांसद सुनीलकुमार सोनी अलवर जिला स्वर्णकार समाज के आमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर आए। किशनगढ़ बास पहुंचने पर स्वर्णकार समाज के लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इससे पहले सांसद सोनी का भिवाड़ी टपूकड़ा तिजारा में समाज के लोगों की ओर से स्वागत किया गया। सांसद सुनील सोनी दिल्ली से अलवर रात्रि करीब साढ़े 8 बजे किशनगढ़ बास पहुंचे। सासंद का समाज अध्यक्ष जितेंद्र सोनी के नेतृत्व में किशनगढ़ बास खैरथल बहरोड के लोगों ने स्वागत किया। स्वागत के दौरान रायपुर छत्तीसगढ़ के बीजेपी सांसद सुनील कुमार सोनी ने समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि समाज के लोगों के लिए मेरे द्वार हमेशा खुले हैं। उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। गरीब किसान को संपन्न बनाने की दिशा में केंद्र की सरकार ने अनेकों योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने में मदद करें।


शेष पेज 3 पर...


## अनिता की आपणी पाठशाला में हर छात्र पढ़ता है निशुल्क

**सिंदबड़ी।** कोरोनाकाल में बच्चे पढ़ाई से जुड़े रहें इसके लिए सिंदबड़ी राउप्रावि की शिक्षिका डॉ. अनिता सोनी ने स्कूल से अतिरिक्त समय में गांव में आपणी पाठशाला संचालित कर बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़े रखा। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराती है। ग्रामीण परिवेश के बच्चों को आर्थिक स्थिति और ना समझी के कारण कोचिंग ट्यूशन एक सपना सा ही होता है लेकिन इस पीड़ा को समझा शिक्षिका डॉ. अनीता सोनी ने और बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने की कमान संभाली।

गत वर्ष बच्चों को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परिक्षा तैयारी कराने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की। चालू शिक्षण सत्र में तो पढ़ाई पर तरह ब्रेक लग गया।

लेकिन शिक्षिका अनीता सोनी ग्रीष्मावकाश और उसके बाद कोराना संक्रमण काल में भी स्कूल जाकर पढ़ाई कराती रही। भवन को लेकर परेशानी आई तो मंदिर, पेड़ की छांव में या खुले स्थान पर भी पढ़ाया।

## स्वर्णकारों को अब पूछताछ के नाम पर परेशान नहीं करेगी पुलिस: सुखविंद्र सोनी

**सिरसा।** स्वर्णकारों के हितों को देखते हुए हरियाणा पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। इस सिलसिले में जिला स्वर्णकार संघ के प्रधान सुखविंद्र सोनी ने बताया कि पूछताछ के नाम पर स्वर्णकारों को अब पुलिस द्वारा परेशान नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस एडवाइजरी से पहले जब भी चोरी के आभूषणों के मामले सामने आते थे तो पूछताछ के नाम पर स्वर्णकारों को मानसिक प्रताड़ना दी जाती थी, लेकिन अब चोरी के गहनों को लेकर पुलिस द्वारा की जाने वाली स्वर्णकारों से पूछताछ पर उठ रहे सवालों के बाद डीजीपी ने निर्देश जारी किए है। इन निर्देशों के अंतर्गत स्वर्णकार को गहने बेचने वाले का नाम, पता, मोबाईल नंबर अपने रजिस्टर में दर्ज करना होगा। खरीदे गए सोने का प्रकार और उसकी कीमत का विवरण लिखना होगा। स्वर्णकार को सोना बेचने वाले व्यक्ति के कोई भी पहचान पत्र की फोटोकॉपी जमा करानी होगी। स्वर्णकार को खरीदे गए सोने की पेमेंट चैक या बैंक ट्रांसफर से करनी होगी।

सुखविंद्र सोनी ने बताया कि कोई भी स्वर्णकार किसी पूछताछ के मामले में यदि जारी एडवाइजरी के हिसाब से सूचना उपलब्ध कराता है तो उसको पुलिस परेशान नहीं करेगी।

## केरल सीएम का निर्देश ज्वैलर्स के सीसीटीवी जीएसटी दफ्तर से जुड़ेंगे

**तिरूवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ज्वैलर्स के सीसीटीवी को जीएसटी दफ्तरों और पुलिस थानों से जोड़ा जाए, ताकि सोने के व्यापारियों की ओर से कर चोरी पर सख्ती से रोक लगाई जा सके।

## न्याय दिलाने हेतु ज्ञापन दिया



**मेड़ता सिटी।** दि. 9 सितंबर 2021 को मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्थान नागौर जिला के जिलाध्यक्ष श्री रामस्वरूपजी कड़ेल लांपोलाई, सचिव रामकिशोरजी जोड़ा एडवोकेट संरक्षक महोदय गोवर्धनजी एडवोकेट तहसील अध्यक्ष रामेश्वरदयाल जी मेड़ता सिटी, रामप्रकाशजी सोनी, प्रेमचंदजी सोनी, ओमप्रकाशजी सोनी, तिलोकचंदजी सोनी, भरतजी सोनी मेड़ता, विष्णुजी वकील विधि सलाहकार संस्थान नागौर जिला, दिनेशजी सोनी, सचिनजी सोनी डेगाना, नोरतमल जी मेड़ता, रामानंदजी जोड़ा मेड़ता सभी लोगों ने उपखंड अधिकारी मेड़ता सिटी को गृहमंत्री राजस्थान सरकार जयपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर हरसोलाव निवासी किशनलाल जी सोनी पुत्र विष्णुदत्त जी सोनी के यहां 500 ग्राम सोने के जेवरात की चोरी को शीघ्रता शीघ्र खुला कर माल बरामद कर किशनलालजी को राहत हो जाएं ज्ञापन की प्रतियां महानिदेशक पुलिस मुख्यालय जयपुर महानिरीक्षक पुलिस अजमेर जिला पुलिस अधीक्षक नागौर को भेजकर न्याय की मांग की गई।

- मदनलाल रोड़ा
संरक्षक संस्थान नागौर जिला

## सोना खरीदते समय स्वर्णकारो की पूरी पहचान करें दर्ज

**यमुनानगर।** सोना खरीदते समय स्वर्णकारों को अब बेचने वाले का पूरा पता व मोबाईल नंबर रजिस्टर में दर्ज करना पड़ेगा। साथ ही सोना बेचने वाले व्यक्ति के पहचान पत्र की एक प्रतिलिपि भी लेनी होगी। सोना बेचने के नाम पर हो रही ठगी, धोखाधड़ी व चोरी के गहनों के संबंध में पुलिस ने ताजा एडवाइजरी जारी की है।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप ने बताया कि पुलिस महानिदेशक द्वारा हरियाणा पुलिस अधिनियम की धारा 50 के अनुसार प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए व्यापार कर रहे स्वर्णकारो हेतु किसी व्यक्ति से सोना खरीदने को लेकर जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि चोरी, डकैती, लूट, झटपमारी व अन्य अपराधों से संबंधित मामलों के अनुसंधान में कोई बाधा उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक ने सभी स्वर्णकारों से अपील की है कि जो व्यक्ति सोना बेचने आता है, उसका पूरा पता व मोबाईल नंबर प्राप्त कर उसे एक रजिस्टर में दर्ज कर लें।

खरीदे गए सोने का प्रकार (गहने, ईंट, बिस्कुट इत्यादि) वजन, गुणवत्ता, भाव व कुल कीमत का विवरण भी दर्ज किया जाए। स्वर्ण विक्रेता से सरकार द्वारा जारी प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड व वोटर कार्ड इत्यादि की एक प्रति अवश्य लें। खरीदे गए स्वर्ण की कीमत विक्रेता को उसके बैंक खाते या चेक के माध्यम से अदा की जाए।

## पेंशनरों को हैल्थ योजना में पंजीयन करवाना जरुरी

**चित्तौड़गढ़।** पेंशनर की मेडिकल डायरी बंद होकर राजस्थान सरकार हैल्थ योजना शुरू होने जा रही है। इसलिए पेंशनरों को योजना में पंजीयन करवाना जरूरी होगा। इसके तहत आरजीएचएस रजिस्ट्रेशन के लिए जनआधार/ भामाशाह कार्ड होना आवश्यक है। यदि पेंशनर की पत्नी/पति का स्वर्गवास हो गया हो तो जनाधार उसके नाम से बन सकता है। इसके लिए दस्तावेज राशन कार्ड, पेंशनर व पत्नी की फोटो, दोनों के आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पीपीओ व मोबाईल (ओटीपी के लिए) जरूरी है।

## पंचायत समिति चुनाव में जीत पर गांवों में जश्न

### नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों का ग्रामीणों ने किया स्वागत व अनिनंदन



श्रीमती चुकी देवी

पंचायत समिति चुनाव के परिणाम के बाद कहीं खुशी कहीं गम का माहौल नजर आया।

**भोपालगढ़ पंचायत समिति के वार्ड नं. 9 से चुकी देवी पत्नी श्री लालचंद जी सोनी** ने जीतने में कामयाबी हासिल की। विजयी उम्मीदवार को माला व साफा पहनाकर स्वागत व अभिनन्दन कर वाहन में बिठाया गांव में पहुंचे तो ग्रामीण जनों ने स्वागत व अभिनंदन किया तथा नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य ने सभी 36 कोम के जनता जनार्दन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## श्राद्ध करना ही श्रद्धा

**राजस्थान प्रदेश मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की कार्यकारिणी की बैठक सितम्बर माह में सीकर में होना प्रस्तावित है।**

## सम्पादकीय.....




सनातन हिंदू धर्मावलम्बियों ने पूर्व पुरूषों के प्रति आभार, आदर और श्रद्धा व्यक्त करने के लिए अपने धर्म शास्त्रों के निर्देशानुसार जिस विधि को अपनाया है उसका नाम 'श्राद्ध' है। श्राद्ध शब्द की उत्पति श्रद्धा से हुई है। पुलत्स्य स्मृति, वायु पुराण, श्राद्ध तत्व आदि ग्रंथों में इस मर्म को इन शब्दों में परिभाषित किया गया है। श्राद्ध कर्म श्रद्धा ही प्रमुख है। इस बात को श्राद्धकर्ता अपने मन में भली प्रकार बैठाकर अपने वंशजों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद करते हैं। अपने ग्रंथों में यह बात विश्वासपूर्वक कही गई है। वंश की सुख समृद्धि के लिए भी श्राद्ध क्रिया अत्यंत आवश्यक कर्म है।

'बाठे पूत पिता के धर्मा' इस कहावत के अनुसार पितृ ऋण से मुक्ति का भी एकमेव साधन श्राद्ध कर्म है, फिर हमारी संतान भी तो थोड़ा बहुत हमारा ही अनुसरण करेगी। पितृगण देवताओं से अधिक कृपालु होते हैं। अपने वंशजों की श्रद्धा से प्रसन्न होते है। श्राद्ध कर्म श्रद्धा से करने के साथ ही शास्त्रों ने इसे मर्यादित बनाने के लिए विशेष निर्देश दिए है। पितृदेव अपने भवन में स्थापित करने पर देवता के पास विराजमान न करके अतिरिक्त स्थान पर विराजमान करना चाहिए। वे देवता के समकक्ष बैठ नहीं सकते, अत: ऐसी स्थिति में उनके लिए अलग स्थान की व्यवस्था करनी चाहिए।

ब्रह्माण्ड में दिव्य रूप के लिए यह पितर तीन तरह की प्रकृति के होते है तथा भाव प्रधान होने से पहली प्रकार के पितृ सौम्य पितर होते हैं, जो सात्विक भाव के होने के कारण किसी भी कार्य में बेदखली नहीं करते है। इसकी पूजा करने से आशीर्वाद मिलता है परंतु त्रुटि हो जाने से वे क्षमा तत्काल कर देते हैं।

जय भारत ! -रामरतन सोनी

### ॐ सत्यम् शिवम् सुन्दरम् ॐ



व्यक्ति कल्याण और सुन्दर परिवार व समाज का निर्माण परिवार क्या है समाज क्या है? ऐसी अनेक प्रकार की भिन्नता में एकता स्थापित करने का जो परिणाम है वही परिवार और समाज है मानव एक सामाजिक प्राणी है व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये समाज की मांग होती है, कारण कि कोई भी व्यक्ति अपनी सारी आवश्यकताऐं अपने द्वारा पूरी नहीं कर सकता। इसके साथ-साथ यदि वह स्वयं दुसरों की आवश्यकता की पूर्ति में सहयोग नहीं देता है तो समाज का निर्माण नहीं होता। समाज का एक दूसरे की आवश्यकता पूर्ति में देने के लिये है, इस दृष्टि से समाज मानव जीवन का एक अनिवार्य अंग है और सुन्दर परिवार व समाज के निर्माण का प्रश्न मानव जीवन की एक महत्वपूर्ण समस्या है।


**सुन्दर समाज किसे कहते हैं ... ?**

इसका उत्तर अगले अंक में पढ़िये।

- भंवरलाल भंवण, रातानाडा, जोधपुर मो. 9461141199

## श्री मायछ भवन'

### -भागीरथ विहार कॉलोनी, हरिपुर कलां, हरिद्वार ( उत्तराखंड )



श्री मायछ भवन - हरिद्वार रेलवे स्टेशन और बस स्टैण्ड से दूरी - 7 किमी

1. हर की पौड़ी से ढाई किमी ऋषिकेश के ओर जाने पर भारत माता मंदिर है।
2. भारत माता मंदिर से एक किमी आगे जाने पर गीता मंदिर और व्यास मंदिर है।
3. गीता मंदिर से आधा किमी आगे जाने पर आशाराम बापू आश्रम से अगली गली में दायी तरफ 'श्री मायछ भवन' है।

इसमें 15 एसी कमरे सहित लगभग 35 कमरे, हॉल स्नानघर इत्यादि बने हुए है, यह भवन 40 बाई 80 फीट में पांच मंजिल का बना है। लगभग 100 मीटर की दूरी पर गंगा प्रवाहित होती है। दिल्ली निवासी श्री बहादुर सिंह जी वर्मा ( मायछ ) द्वारा संस्थापित 'श्रीमायछ भवन' का उदघाटन 23-3-2012 को हुआ था।



इसमें तीर्थ यात्रियों के लिए ठहरने, कथा, भागवत आदि आयोजन करने की सुविधा उपलब्ध है। मो. 09313341998, 09873226000

शीघ्र ही यात्रियों के आवागमन की सुविधा हेतु टेक्सी उपलब्ध करवाना प्रस्तावित है।

| 6 बजे से दिन के समय | दिन का चौघड़िया रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरू | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रात: 6 से 7.30 | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल |
| 7.30 से 9 | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ |
| 9 से 10.30 | लाभ | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग |
| 10.30 से 12 | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल | उद्वेग |
| 12 से 1.30 | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल |
| 1.30 से 3 | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ |
| 3 से 4.30 | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत |
| 4.30 से 6 सायं | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल |

| 6 बजे से सायं के समय | रात का चौघड़िया रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरू | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सायं: 6 से 7.30 | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ |
| 7.30 से 9 | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल | उद्वेग |
| 9 से 10.30 | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ |
| 10.30 से 12 | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत |
| 12 से 1.30 | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल |
| 1.30 से 3 | लाभ | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग |
| 3 से 4.30 | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ | शुभ | चल | काल |
| 4.30 से 6 प्रात: | शुभ | चल | काल | उद्वेग | अमृत | रोग | लाभ |


।। जय श्री अजमीढ़जी ।। ।। कुल देवाय नम: ।।

समाज सदैव प्रगति की ओर अग्रसर हो इसी शुभकामनाओं के साथ

श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्थान, जोधपुर ( रजि. )

**श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन**

विश्रामालय ( धर्मशाला ) - फोन नं. 0291- 2437323

पुराना नगर निगम के पीछे, सोजती गेट के अन्दर, जोधपुर ( राज. )

जोधपुर के बाहर से आने जाने वाले स्वजातिय आगन्तुक बंधुओं के लिये शौचालय स्नानघर व आवास की अच्छी व्यवस्था


### मुख्य मंत्री के नाम पत्र

## स्वर्णकार/सर्राफ के शस्त्र लाईसेन्स तत्काल प्रभाव से बनाये जाने के सन्दर्भ में।

मान्यवर,

निवेदन है कि स्वर्णकार/सर्राफ का व्यापार करना जान जोखिम का व्यापार हो गया है, बदमाश रिवाल्वर के बल पर हमारी जिन्दगी भर की कमाई मिनटों में लूट कर ले जाते हैं, बदमाश हथियारों के साथ होते हैं हम निहत्थे विरोध करने पर हमारी हत्या भी कर देते हैं। हर रोज कहीं न कहीं पर स्वर्णकार/सर्राफ के साथ वारदात होती है। आपसे विनम्र आग्रह है कि हर जिले में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ती कर दी जाऐ हम अपनी समस्याएं उक्त अधिकारी के समक्ष रख सके और स्वर्णकार/सर्राफ के लिये शस्त्र लाईसेन्स अनिवार्य कर दिया जाऐ, हमारे शस्त्र लाईसेन्स नहीं बनते हैं, जबकि हम बदमाशों के निशाने पर हर समय रहते हैं। आप समस्त जिला अधिकारियों को निर्देशित करें कि स्वर्णकारों के शस्त्र लाईसेन्स तत्काल प्रभाव से बनाये जायें और जहाँ पर भी स्वर्णकार/सर्राफ के साथ वारदात होती है उसका अनावरण होना चाहिए।

धन्यवाद।

- रवि वर्मा राष्ट्रीय महा-सचिव

## ज्वेलर की दुकान पर महिलाएं चकमा देकर ले भागी जेवरात

**सोजत**। थाना क्षेत्र के चंडावल गांव में ज्वैलरी की दुकान पर चकमा देकर महिलाएं जेवरात व पायजेब चुराकर भाग गई। उनका सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने बताया कि चंडावल निवासी अनिल पुत्र सत्यनारायण सोनी ने रिपोर्ट दी कि कुछ महिलाएं उसकी दुकान पर जेवरात खरीदने आई। वे बातों में उलझाकर दुकान से सोने-चांदी के जेवरात व पायजेब चुराकर भाग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिलाओं का सुराग नहीं लगा है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।


## चतुर्थ पुण्यतिथि

बगीचे में फूल तो सिर्फ कुछ दिनों के लिए खिलता है,
भगवान तो सिर्फ उन्हें अपने पास बुलाता है जो उसे सबसे प्यारा लगता है।

आसोज सुदी बीज
संवत् 2074



स्वर्गवास:
22.09.2017

**स्व. श्रीमती उमा वर्मा**

**धर्मपत्नी श्री राजेन्द्र वर्मा (सोनी)**

चतुर्थ पुण्य तिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि!

**श्रद्धावनत**

**राजेन्द्र वर्मा** ( पति ), **कौशलराज - चन्द्रकान्ता** ( पुत्र-पुत्रवधु ), **मयंक** ( पौत्र )
प्रीति-अभिषेकजी, दिप्ती-मनीषजी, दिव्या-राहुलजी ( पुत्री-दामाद )
पलक, ट्विंकल ( दोहिती ), गर्वित ( दोहिता ), सत्यनारायण, ओमप्रकाश ( जेठ ), रमेश ( देवर )
अशोक, सुनील, कमल, राकेश ( जेठुता ), विरेन्द्र ( देवरपुत्र )
स्व. पुष्पा-प्रभुलालजी, सन्तोष-किशनजी, विमला-कँवरलालजी ( नणद-नणदोई ) एवं समस्त अडाणिया परिवार।
पीहर पक्ष : अमरचंदजी, ईश्वरजी, बनवारीजी, गिरधारीजी सहदेव ( भाई ) बडू जिला नागौर।

प्रतिष्ठान:

**अडाणिया मशीनरी स्टोर अम्बिका एजेन्सीज मयंक एग्रो एजेन्सीज**

निवास: 'बिलाड़ा हाऊस' प्रथम 'ए' रोड, सरदारपुरा, जोधपुर
मो. 9414135131, 9414094120



**चतुर्थ पुण्य तिथि** जब याद तुम्हारी आती है तो आँखें बरबस भर जाती हैं यह विधी की कैसी लीला है जो समय पहले ले जाती है



देवलोक: माता की ममता मान सरोवर है तो, पिता का प्यार भी गंगा सागर है।

प्रिय **स्व. श्री भरत** पुत्र श्री बृजमोहन सोनी एवं **ममता** ( पत्नि स्व. श्री भरतजी सोनी ) इन्होंने शादी के समय अग्नि की साक्षी में वचन आदान-प्रदान किया था इन वचनों को प्रमाणित करते हुए द्वारकाधीश ने अपनी शरण में ले लिया। चतुर्थ पुण्य तिथि पर विनम्र श्रद्धासुमन।

8 जून 2017
ज्येष्ठ सुदी १४
संवत् २०७४

हम दिल की बात किसे कहें हमें कुछ नहीं सुझता
आपका रिक्त स्थान कोई नहीं भर सकता

जन्म: 15 अगस्त 1978 जन्म: 4 फरवरी 1980

**श्रद्धावनत्**

श्री भंवरलाल भवण-स्व.रामकँवरीदेवी ( दादाजी-दादीजी ), रामनिवास, मोहनलाल ( अनुज दादाजी ), ब्रजमोहन-स्व.कैलासीदेवी ( पिताजी-माताजी ), नन्दकिशोर-रचना देवी, मुरलीधर-सीतादेवी ( चाचाजी-चाचीजी ), सन्दीप-किरण ( भ्राता-भ्रातावधु ), रवि ( अनुज भ्राता ), शुभांगी उर्फ खुशी ( पुत्री ) मुकुन्द उर्फ खुश ( पुत्र ), राम, लक्ष्मण ( भतीजा ), स्व. संतोष-कमलकिशोरजी कड़ेल, कान्ता-सत्यनारायणजी सुरंडिया ( भुआजी -फुंफाजी ), मंजू-कमलकिशोरजी रोडा, अंजु-महेशजी खजवाणिया, हेमा-अभिरूपजी, राखी-हितेशजी खजवाणिया ( बहन-बहनोई ) एवं समस्त भवण परिवार, जोधपुर।

**ससुराल पक्ष** स्व. भीमराजजी ( बड़ा ससुर ), भोजराजजी ( ससुर ), मुकेशजी, राकेश जी, अरविन्द जी ( सालाजी ), रजत, देव, कनक, दिव्यम ( साला पुत्र ) एवं समस्त कड़ेल परिवार, जोधपुर।

**ननिहाल पक्ष** हरिप्रसाद, प्रेमचन्द, घेवरचन्द, कमलकिशोर, आनन्दकिशोर, ओमप्रकाश सहदेव, करकेड़ी/ जोधपुर

निवास स्थान: 122-सी, सुभाष चौक, रातानाडा, जोधपुर, मोबाईल नं.: 9414129948

RNI No. RAJHIN/2013/49136 Postal Regd. No. Jodhpur/378/2019-21 Posting Date Every Month 4/5 & 19/20



नूतन वर्ष की हार्दिक मंगलकामनाएँ

श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश

हिन्दी मासिक पत्रिका

RNI.NO.: RAJHIN/2014/54988

प्रधान सम्पादक: रामरतन सोनी प्रबंध सम्पादक: चन्द्रप्रकाश सोनी सम्पादक: भावना सोनी सह सम्पादक: गौरव सोनी सह सम्पादक: जयकिशन सोनी

ऑफिस:- अजमीढ़ मार्केट, श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन, पुराना नगर निगम के पीछे, सोजती गेट के अन्दर, जोधपुर ( राज. ) पिन कोड 342001

निवास:- मनिहारों की हवेली के पास, भिश्तियों का बास, जोधपुर, मो. 9414133641 | E-mail.: swarnkarsandeshjdp@rediffmail.com

WARIVO e Bike




जय महादेव मोटर्स

भादवा सुदी दशम पर आपके शहर जोधपुर में

भव्य शुभारंभ...

दिनांक 16-09-2021 गुरूवार प्रातः सुबह 10 बजे

स्थान :- परिहार नगर भदवासिया मैन रोड़, जोधपुर

में पधारकर सेवा का अवसर देवे

विनीत

JAI MAHADEV MOTORS

Mo.9680147625,9414418020

WARIVO e Bike

आ गई है बिजली से चलने वाली बाइक एक युनिट में पूरी चार्ज और चार्ज होने पर 60 से 110 किलोमीटर तक चले

No Registration No Licence Required

पहले सप्ताह की बुकिंग पर पायें आकर्षण छूट

पेट्रोल के बढ़ते दामों से न हो परेशान.... शान से चलायें मात्र 20 पैसे प्रति कि.मी

WARIVO e- BIKE

अब आपके शहर में चलाये मात्र -10/- रोजाना के खर्च में

10 ATTRACTIVE MODELS IN DIFFRENT COLORS

चलायेगें तो मान जायेगें

0% Pollution

BOOK YOUR TEST DRIVE

0% मैनटेनेन्स

JAI MAHADEV MOTORS

स्थान :- परिहार नगर भदवासिया मैन रोड़, जोधपुर

चन्द्रप्रकाश सोनी 9680147625 राजेन्द्र सोनी ( भेरू ) 9413523124

हमारी शाखाएं MAHADEV MOTORS

पाली | बिलाड़ा | खेजड़ला | बौरुन्दा | पीपाड़ शहर

नया नियम -

## शादी का बजट अगर साढ़े 5 लाख रुपए तो ग्राहक को देना होगी 96 हजार जीएसटी

**उन लोगों को फायदा होगा जो वेडिंग पैकेज के तहत शादी करेंगे**

**एक शादी में औसतन करीब 5.5 लाख का आता है खर्च, जीएसटी के रूप में चुकाने पड़ेंगे 96 हजार**

नवंबर में शुरू हो रहे शादी के सीजन के लिए लोगों ने अभी से बुकिंग करना शुरू कर दिया है, लेकिन शादी वाले घरों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स बन गया है। मैरिज गार्डन, टैंट से लेकर बैंड सभी तय रेट पर अलग से जीएसटी का भार आम लोगों पर डाल रहे है, जिससे लोगों का बजट बिगड़ रहा है।

एक शादी में औसतन करीब 5.5 लाख रूपए खर्च आता है।

इस पर जीएसटी के रूप में लोगों का 96 हजार रूपए चुकाने पड़ेगे।

इससे लोगों सुविधाओं में कटौती कर रहे हैं, जिसका असर शादी के दौरान बाजार पर दिखाई देगा।

वहीं सबसे ज्यादा मुश्किल उन लोगों की उठानी पड़ेगी, जो कि खुद ही होटल टैंट, लाइट से लेकर बैंड की बुकिंग करते हैं, क्योंकि इनकी अलग-अलग सर्विस के लि 12 से 18 प्रतिशत तक टैक्स चुकाना होगा।

हालांकि उन लोगों को फायदा होगा जो वेडिंग पैकेज के तहत शादी करेंगे, क्योंकि इनका अलग-अलग टैक्स नही देना होगा, बल्कि एक बार ही टैक्स देना होगा।




## शिक्षक गणेश ने स्कूल में 100 पौधे व ट्री गार्ड लगवाए

**चित्तौड़गढ़।** अभयपुर घाटे के राजकीय प्राथमिक विद्यालय भीमपुरिया के शिक्षक गणेश ने 6 साल पहले ड्यूटी ज्वाइन की, तब से स्कूल परिसर के विकास के लिए भी संकल्पित है। अपने खर्च से विद्यालय में अब तक 100 से अधिक पौधे लगवा चुके हैं। जिनके लिए ट्री गॉर्ड की व्यवस्था खुद शिक्षक ने ही करवाई है। विद्यालय में किसी विशेष दिवस को पौधारोपण करके मनाया जाता है।

अपने खर्च से विद्यार्थियों का जन्मदिन केक काटकर मनाते हैं। यही कारण कि 6 साल में विद्यालय में नामांकन दोगुना हो गया। पिछले 6 साल से अभिभावकों से बिना एक रूपये का सहयोग लिए विद्यार्थियो के लिए जनसहयोग से तमाम सुविधाओं जैसे टाई, बेल्ट, जूते, चप्पल, विद्यालय पोशाक, स्टेशनरी के समान की हर साल व्यवस्था करते हैं।

**आगामी विशेषांक हेतु**
**अपने लेख विज्ञापन आदि शीघ्र भेजें - संपादक**

### सूचना

प्रकाशनार्थ सामग्री डाक द्वारा या ई-मेल द्वारा ही भेजें,
**वाट्स एप** पर भेजी गई जानकारी का प्रकाशन सम्भव नहीं होगा।
-प्रबंधक : श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश
ई.मेल-
swarnkarsandeshjdp@rediffmail.com

### पाठकों को सलाह

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन (सामान्य/वैवाहिक) पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्चा करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार सम्बन्ध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण (वैवाहिकी हेतु स्टेट्स, उम्र एवं आय आदि) जानकारी कर लें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा जारी किए गए किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है।

प्रबंध सम्पादक: चन्द्रप्रकाश सोनी

विस्तृत बायोडाटा के लिए
**श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश**
मासिक पत्रिका का अवलोकन करें।

स्वर्ण प्रतिनिधि के सदस्य बनने एवं प्रकाशनार्थ सामग्री भेजने हेतु
सम्पर्क : **09414133641**

कार्यालय : स्वर्ण प्रतिनिधि
प्रकाशक एवं सम्पादक
रामरतन सोनी
मनिहारों की हवेली के पास,
भिश्तियों का बास, जोधपुर-
पिन कोड 342001 (राज.)
मो. 0 9 4 1 4 1 3 3 6 4 1
email:-swarnpratinidhi@gmail.com
सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

स्वर्ण प्रतिनिधि
पोस्ट बॉक्स नं. 99, एस.पी.ओ.,
स्टेशन रोड़, जोधपुर-342001 (राज.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक रामरतन सोनी द्वारा मनिहारों की हवेली के पास, भिश्तियों का बास, जोधपुर से प्रकाशित एवं भण्डारी ऑफसेट, J-352, मिनीग्रोथ सेण्टर, सांगरिया इण्डस्ट्रीयल एरिया, जोधपुर से मुद्रित, सम्पादक-रामरतन सोनी । मो.9414133641 email:-swarnpratinidhi@gmail.com

## BIO-DATA

**138 विश्वेश सोनी (मांगलिक)**



जन्म: 09.06.1994 स्थान: अलवर ( राज. )
जन्म समय : 1.25 पीएम, शिक्षा: एमकॉम, कद:5.8, गौत्र: लावट, गाधोजिया ( अलवर ), पिता: राजेश सोनी, माता : कुसुम सोनी
**भाई : वृतेश सोनी** ( 27.06.1995 )
मो. नं.: 9414478384, 9116178794, पता: 616, हनवंत (A), गली नं. 8, पावटा सी रोड, जोधपुर ( राज. )

**139 विशाल सोनी**



जन्म: 1मार्च 1996, जन्म समय:8:25 सुबह
जन्म स्थान: लाडनूं, जिला-नागौर
गौत्र : धुपड़, सारड़ीवाल, डांवर, कद : 6,
Education:B.Tech (Electrical) 2019, JK Laxmipat University, Jaipur
Job : Genus Power Infrastructure Ltd. Jaipur
दादाजी: श्री नोरतनमल सोनी, पिता: श्री राजेन्द्रकुमार सोनी Director, Govt of India-ITS, mo. 63777722597

**140 Vishal Soni** 07-07-1994



Time & Place : 9:55 AM, Jodhpur, Gotra : Agroya, Soliwal, Heigt:6.1, Education : Bachelor of commerece and currently preparing for competitive exams,
Father :Special Assodicate in State Bank of india, Jodhpur (Raj.),
Brother - Postal Assistant in india Post.,
Contact No: Lal Chand Soni, 6350661307 (Father)

**141 Arti Soni** 15 jan.1997, Place: Phalodi,
Gotra: Mosun, Dewal, Educ.: M.Com., B.Ed
Father : Bhanwarlal Soni,Phalodi, 9414410507


**142 भानुप्रकाश सोनी** 21.04.1995



समय: 4:20 pm गौत्र: अग्रोया, जवड़ा
पिताजी: श्यामसुन्दरजी सोनी (सन्चा वाले)
न्यू परिहार नगर, भदवासिया, जोधपुर
मो. 7976954426

**143 Bharath Kumar Soni** 29.07.1996
B.O.P. : Bangalore, Height : 5.11, Edu.:B.Com , Gotra: Kandhla, Mosun. Business: Agriculture Motor starter and Panel, Manufactures.

**144 भरत खजवाणिया 10.08.1992**




समय:10:47रात्रि, कद: 5.4, शिक्षा: 10वीं स्वर्णकारी कार्य, गौत्र: खजवाणियां, अग्रोया
पिताजी: रामनारायणजी खजवाणिया पता: मथानियां (जोधपुर) मो. 9829306792,

**145 ललित सोनी** जन्म: 09.05.1986




जन्म समय: 3.45 पीएम, शिक्षा: प्रथम वर्ष
गौत्र: कड़ेल, रूणवाल, पिता: स्व. गोपालजी सोनी, 22, घाणेराव की घाटी, सुभाष मार्ग, उदयपुर( राज. )9116924342, 9057589784

**146 Chandra shekhar Swarnkar**



12-12-1997, 5:10 AM, POB: shiwad, Height: 5.9, Edu.: M.Com., rscit, Tally Accounts Computer diploma, Gotra: Singoriya khatri, Thungar
Father: Purushottam lal swarnkar,
Add:Harmada, Jaipur, 7597542425

**153 Sanjana Verma** (Manglik)



Birth: 9.01.1997, Time : 01:10 am
Jodhpur (Raj.), Height : 5.5,
Qualification : B.Tech (C.S.),
Job: Junior Engineer, (M/s Vishnu Prakash R Punglia LTD.),
Gotra : Aasat, Kadel, Paternal's Family , Grand Parents : Sh. Bhanwarlal Verma (A.R. Rajasthan Hight Court),
Perents : Sh. Kailash Verma (a.p.s. Phed Jodhpur),
Elder Brother: Abhishek Verma (INCOME TAX DEPT. (MUMBAI)
Residence: 4, Vijay Nagar, New Pali Road, Bhagat Ki Kothi, Jodhpur, Contact No.: 9828452530

**154 Sakshi Swankar** 24.1.1995



Place of birth : Neemuch (M.P.)
Height : 5.4, Educatin Qualification : B.Tech (ECE), LNMIIT Jaipur, Presently/
Father : Vijay Swarnkar (Additional SP Baran, Rajasthan),
Mother : Sandhya Swarnkar (2nd Grade Govt. Teacher), Brother : Tarsh Swarnkar (Stydying in Class 12th), Native Place: Mohangarh, Nathdwara (Raj.), Contact No.: 9166652529

**155 Nandkishore Soni** 28.7.1993



Hight: 5.9, Gautra : Kadel,
Education : B.A., Profession:
Jewellery business , Father : Let. Shyam Soni, Mother : Sushila Soni 2/1726. Kudi bhagtasni housing bord, Jodhpur (Raj.) 8306055641

**156 Vikas Soni** 15.07.1999




Hight: 5.10, Gautra : Kadel, Profession: Jewellery business (Jewellery Showroom), Father : Let. Shyam Soni, Mother : Sushila Soni Address : 2/1726 Kudi bhagtasni, housing bord, Jodhpur 8306055641

**25 रविकुमार सोनी** जन्म :1985



शिक्षा: 11वीं, व्यवसाय : स्वर्णकार्य
गौत्र : सारड़ीवाल, देवाल, सोलीवाल
पिताजी : अशोककुमार सोनी
पता : भीनमाल जि.जालौर( राज. ) व नांदड़ी, जोधपुर, मो.: 9460017051

**26 जितेन्द्र कुमार सोनी** 1990,



शिक्षा : एम.कॉम, व्यवसाय: नग सेटिंग
गौत्र : सारड़ीवाल, देवाल, सोलीवाल
पिताजी : अशोककुमार सोनी
पता : भीनमाल जि.जालौर( राज. ) व नांदड़ी, जोधपुर, मो.: 9460017051

BIO- DATA

## Manal Soni



| | |
|---|---|
| DOB | : 21.12.1993 |
| Place of Birth | : Ajmer |
| Height | : 6'00" |
| Gotra | : Dewal, Tungar |
| Qualification/ | : B Tech (Mechanical Engineer) |
| Occupation | : Senior Engineer at Adani Power Rajasthan Ltd, Kawal Distt Baran, Raj. |
| Father | : Shalabh Soni (Radhey Shyam Soni) Businessman- Building Material Supplier |
| Address | : Govindam,A-46, Sagar Vihar Colony, Vaishali Nagar, Ajmer |
| Contact | : 9414006746, 9460242946 |


## सदस्यगणों (ग्राहकों) के लिए सूचना

आपकी अपनी पत्रिका श्री मैढ़ स्वर्णकार संदेश के सभी सम्माननीय सदस्यगणों से निवेदन है कि दिसम्बर सन् 2018 के पहले बने श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश के सभी सदस्यों का शुल्क पूरा हो गया है। कृपया निवेदन है कि अपना शुल्क (सहयोग राशि) जमा कराकर प्रकाशन में सहयोग करें।

प्रधान सम्पादक: रामरतन सोनी, जोधपुर मो: 9414133641
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (SBI) में श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश, जोधपुर के नाम से खाता संख्या **(A/C No. 34307035252 )** द्वारा किसी भी स्थान से **State Bank of India** में जमा करवाकर जमा पर्ची (रसीद) की फोटो कॉपी वाट्सएप या डाक द्वारा पूर्ण पते के साथ श्री मैढ़ स्वर्णकार सन्देश, जोधपुर कार्यालय पते पर भिजवा दें।

IFSC CODE No. SBIN0004913

## विजय सोनी द्वारा रक्तदान



श्री विजय जी सोनी अपने अवतरण दिवस पर पाल रोड सोनी देवी हॉस्पिटल में भर्ती मरीज नवाराम उम्र 24 निवासी पाली को प्लेटलेट्स एसडीपी डोनेट कर मरीज का जीवन बचाने में अपना योगदान दिया इस उपलक्ष में जोधपुर ब्लड डोनर्स द्वारा विजयजी को माला पहनाकर अवतरण दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

## अजमीढ़ संस्थान के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न



**बुगाला।** महाराजा अजमीढ़ संस्थान के चुनावों में सिंघाना के नरेश नारनोली को अध्यक्ष बनाया गया है। विनोद सोनी खेतड़ी ने बताया कि महामंत्री पद पर महावीर प्रसाद जाटावत तथा विनोद सुनालिया को कोषाध्यक्ष, कैलाशचन्द्र मौसूण को उप सचिव, घनश्याम लावट व पृथ्वीसिंह फतेहाबाद को उपाध्यक्ष तथा मक्खनलाल फाजिलवास को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी रामजीलाल भांवर ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिए। समंदरसिंह कचेरा, रामकुमार तोषावड़, ओमप्रकाश गुढ़ागौड़जी, सांवरमल डांवर, बाबूलाल नारनोली झुंझुनूं, श्रीराम भामा बड़ागांव, बजरंगलाल सीगड़ जाखल, रामावतार सोनी बुगाला, सुभाषचंद्र डांवर उदयपुरवाटी, श्यामसुंदर कोलसिया, राजेंद्रकुमार, मातुराम खेतडी, पवन, ओमप्रकाश धूपड़ आदि ने आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

**-रामावतार सोनी, बुगाला**

## कोरोना वैक्सीन कैम्प का हुआ आयोजन

### समाजबंधुओं को लगी 500 डोज

**जयपुर।** सर्व स्वर्णकार समाज नेतृत्व विकास संस्था द्वारा कोरोना वैक्सीन कैम्प का आयोजन 13 सितम्बर 2021 को अमीन कागजी- क्षेत्रीय विधायक- किशनपोल विधानसभा के सहयोग से गोपालजी का मन्दिर, अजमीढ़ स्वर्णकार स्कूल, खेजड़ो का रास्ता, चांदपोल बाजार में प्रात: 10 बजे से सांय 4:00 बजे तक किया गया। इस शिविर में कॉवीशिल्ड वैक्सीन की 500 डोज लाभान्वित बंधुओं को लगाई गई।

इस अवसर पर रामकिशन बेवाल, राधाकिशन आसट, रमेश चन्द कूकरा, असीम वर्मा, बाबूलाल डांवर उपस्थित थे। जिन्होंने वैक्सीन लगाने वाले कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

इस शिविर को सफल बनाने में नारायण मौसूण, उमेश कुल्थिया, श्वेता भांवर, सौरभ आसट, हेमन्त बेराड़िया, नन्दकिशोर डांवर, बृजेश कुल्थिया, मनोज कड़ेल, तेजप्रकाश सुनालिया, अजय सुगन्धा, महेश माण्डन, कंचन सुनालिया, पवन, गुलाबचन्द आदि कार्यकर्ताओं का मुख्य सहयोग रहा। कार्यकर्ताओं और मेडिकल स्टाफ का प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोकचन्द कड़ेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

-त्रिलोक चन्द कड़ेल

पेज 1 का शेष...

## समाज के लिए हमेशा मेरे द्वार खुले हैं: सांसद



**स्वर्णकार समाज ने किया सासंद का स्वागत**

सासंद सुनीलकुमार सोनी के भिवाड़ी पहुंचने पर जिला स्वर्णकार समिति के अध्यक्ष शीशराम सोनी, जगदीशप्रसाद सोनी, सीताराम सोनी, चंद्रप्रकाश सोनी ने स्वागत कर सासंद की अगवानी की, इसके उपरांत भिवाड़ी स्वर्णकार समा की ओर से सासंद का स्वागत किया गया। टपूकड़ा तिजारा में भी समाज के लोगों की ओर से सासंद का स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर सांसद समाज के लोगों को संबोधित किया। किशनगढ़ बास में स्वागत के दौरान जिला संरक्षक वीरेंद्र सोनी, राधेश्याम सोनी, जिला उपाध्यक्ष बहरोड़, रिंकू सोनी बहरोड, सुरेंद्र सोनी, श्याम सोनी, महेंद्र सोनी खैरथल, मुकेश सोनी, मायाराम सोनी, नंदन सोनी, जितेंद्र सोनी, दिनेश सोनी, पुष्करराज, हरीश, गोपाल हुकमचंद, सुभाष आदि सोनी समाज के लोग उपस्थित रहे।

टपूकड़ा, रायपुर छत्तीसगढ़ से लोकसभा सांसद सुनील सोनी का अलवर जाते समय में स्वर्णकार समाज टपूकड़ा द्वारा बाईपास पर जोरदार स्वागत किया गया। स्वर्णकार समाज टपूकड़ा के अध्यक्ष राधेश्याम सोनी की अध्यक्षता में सासंद का पगड़ी बांध व पुष्प माला पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी ने बताया कि मूलत: वह भी राजस्थान के पाली जिले से ही है बाद में छत्तीसगढ़ जाकर बस गए थे। उन्होंने समाज को एकजुट होने का संकल्प दिया व कहा कि समाज में यदि कोई परिवार गरीब है तो हमें उनकी मदद करनी चाहिए, हमें अपने परिवार में एक दूसरे से बातचीत अवश्य करनी चाहिए। जिससे रिश्तों में समरसता बनी रहे। इस अवसर पर अशोक सोनी, कालू सोनी, दीनदयाल सोनी, सतीश सोनी, रिंकू सेनी, सर्वेश सोनी, हर्ष सोनी, चमत्कार सोनी, प्रिंस सोनी, यशु सोनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। स्वर्णकार समाज के अलवर जिला अध्यक्ष शीशराम सोनी ने समाज के सभी का परिचय करवाया व अलवर जिले के स्वर्णकार समाज के बारे में सांसद को जानकारी दी सांसद के साथ पधारे सी पी सोनी उपाध्यक्ष डीएन ओ का भी जोरदार स्वागत किया गया। समाज द्वारा सांसद को प्रतीक चिन्ह भेंट किए।

**युवक / युवती के बायोडाटा प्रकाशित करना चाहते हैं, वो लिखकर सम्पादक के पते पर भेज दें।**
सं.- रामरतन सोनी: 09414133641 | swarnpratinidhi@gmail.com

**जोधपुर में बनाड़ रोड़ स्थित निर्माणाधीन स्वर्णकार समाज भवन के निर्माण में ज्यादा से ज्यादा सहयोग देकर भागीदारी निभायें।**